ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 17-06-2022

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-06-17 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-06-18	2022-06-19	2022-06-20	2022-06-21	2022-06-22
वर्षा (मिमी)	8.0	5.0	4.0	12.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	34.0	35.0	36.0	36.0	35.0
न्यूनतम तापमान(से.)	21.0	22.0	22.0	22.0	21.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	75	70	75	80	75
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	30	30	30	30	30
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	12.0	14.0	14.0	12.0	10.0
पवन दिशा (डिग्री)	250	250	300	50	50
क्लाउड कवर (ओक्टा)	4	2	2	4	3

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (10 - 16 जून , 2022) में 0.0 मिमी वर्षा हुई व आसमान साफ रहा तथा कहीं-कहीं बादल छाये रहें। अधिकतम तापमान 39.0 से 41.2 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 26.6 से 28.5 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 55 से 71 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 23 से 38 प्रतिशत एवं हवा 4.9 से 9.1 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम, पश्चिम-उत्तर-पश्चिम, पूर्व-उत्तर-पूर्व व पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चली| आगामी पांच दिनों में, 17 से 20 जून को हल्की वर्षा होने की सम्भावना है तथा शेष दिन मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 34.0 से 36.0 व 21.0 से 22.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 10.0-14.0 किमी/घंटे की गति से पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम, पश्चिम-उत्तर-पश्चिम व उत्तर-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। चेतावनीः आज यानी 17 जून 2022 को कहीं-कहीं तेज हवाएं (40-50 किमी प्रति घंटे की गति) चलने की संभावना है।

सामान्य सलाहकार:

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि ऊधम सिंह नगर जिले के लिए एनडीवीआई 0.1-0.4 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से ऊधम सिंह नगर जिले में हल्की सूखे की स्थिति दर्शाता है। किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉ इड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| धान की पौधशाला हेतु दोमट, उपजाऊ सिंचित भूमि, जहाँ जल निकास की समुचित व्यवस्था हो, का ही चुनाव करें। अगर सूखी विधि से धान की पौध तैयार करनी हो तो हल्की भूमि का चुनाव करें।

लघु संदेश सलाहकार:

17 से 20 जून को हल्की वर्षा होने की सम्भावना है। आज यानी 17 जून 2022 को कहीं-कहीं तेज हवाएं (40-50 किमी प्रति घंटे की गति) चलने की संभावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	धान की जलदी पकने वाली बौनी किस्मों- गोविन्द, नरेन्द्र-118, नरेन्द्र-97, साकेत-4, पंत संकर धान-1 आदि की पौध 20 जून तक डाल लें। बसमती एवं सुगधित धान की किस्मों- टाइप 3, तरावड़ी बासमती, पूसा बासमती-1, बासमती-370, पंत सुगन्ध धान 15, पंत सुगन्ध धान-17, पंत सुगनध धान- 21, पूसा सुगन्ध-4, पूसा सुगन्ध-5 आदि की पौध 15 जून से 30 जून तक डाले।
मूँगफली	मूंगफली की उन्नतशील प्रजातियों- टा0 64, चन्द्रा, कौशल, प्रकाश, अम्बर आदि की बुवाई जून के दूसरे पखवाड़े में करे। बीज दर 60-70 कि0 ग्रा0/है0 रखें। पंक्तियों से पंक्तियों की दूरी 30-45 सेमी तथा पौधे से पौधे की दूरी 10-20 सेमी रखें। उर्वरको में नत्रजन 20 किग्रा0, फास्फोरस 40 किग्रा0 और पोटाश 45 किग्रा0/है0 तथा 200 किग्रा0 जिप्सम व 4 किग्रा0 बोरेक्स का प्रयोग करे।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
आम	आम की शीघ्र पकने वाली किस्मो की तुड़ाई करे।
कद्दू	कद्दु वर्गीय फसलों में बेल सूखने की समस्या के नियंत्रण हेतु सूखे हुए बेल को काटकर नष्ट कर दें तथा जड़ों की कार्बेन्डाजिम 0.1 प्रतिशत (1 ग्राम प्रति लीटर) की दर से घोल बनाकर सिंचाई करें। सायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
मिर्च	मिर्च में थ्रिप्स के नियंत्रण हेतु लैम्डा साइहैलोथ्रिन 5 इसी 300मि0ली0/है0 या फिप्रोनिल 5 एस0सी0 1लीटर/है0 की दर से छिड़काव के सात दिन बाद ही मिर्च का प्रयोग करें। सायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
टमाटर	टमाटर में फल बेधक का प्रकोप होने पर, क्लोरान्ट्रा निलिप्रोले 18.5 एस0सी0, 150मि0ली0/है0 के छिड़काव के तीन दिन बाद या इन्डोक्साकार्ज 14.5 एस0सी0, 500मि0ली0/है0 की दर से छिड़काव के पाँच दिन बाद ही फल का उपयोग करें। रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	विदेशी गायें अधिक गर्मी सहन नही कर पाती जिससे उनके आहार ग्रहण करने की क्षमता में कमी आ जाती है। और उनका उत्पादन प्रभावित होता है। अतः विदेशी गायो का उत्पादन बनाये रखने तथा बीमारियो से बचाव हेतु गौशाला के अन्दर तापमान नियंत्रण हेतू शीतल यंत्र जैसे पंखा, कूलर अथवा आधुनिकतम शीतल यंत्र की व्यवस्था करे।
भेंस	पशुओ को संक्रामक रोग से बचाने हेतु टीकाकरण करवायें।